आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :481 पृष्ठ -4 दिनांक 18 मई 2025 दिन रविवार

# केदारनाथ यात्रा के दौरान 2 बुजुर्ग यात्रियों की हार्ट अटैक से मौत, प्रशासन की श्रद्धालुओं से अपील

## प्रदेश में इन चारधाम यात्रा को लेकर श्रदालुओं में काफी उत्साह




उत्तराखंड के गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर दो अलग–अलग घटनाओं में दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. डॉक्टरों ने प्रा. रंभिक जांच के आधार पर दोनों की मौत का कारण हार्ट अटैक होने की आशंका जताई है. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग भेज दिया है.पहली घटना शुक्रवार सुबह लगभग चार बजे की है. महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी 66 वर्षीय गणेश कुमार शोभालाल गुप्ता, जो श्रीकृष्णा नगर, हुड्को, सीडको कॉलोनी के रहने वाले थे, अपने साथियों के साथ केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकले थे. वे गौरीकुंड के बड़े गेट से थोड़ी ही दूर चले थे कि अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े.घटना की सूचना उनके साथ चल रहे यात्रियों ने तत्काल पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम को दी. मौके पर पहुंची डीडीआरएफ की टीम ने उन्हें तुरंत
गौरीकुंड अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों का कहना है कि अत्यधिक शारीरिक थकान, ऊंचाई में ऑक्सीजन की कमी और संभवतः हृदय की समस्या के कारण यह घटना हुई होगी.दूसरी घटना पूर्वाह्न 11 बजे थारू कैंप के पास घटी. यहां एक अन्य बुजुर्ग यात्री बेहोशी की हालत में मिले. पहचान के दौरान उनके पास मिले आधार कार्ड के आधार पर उनकी पहचान उमामहेश्वर वैंकट अवधानी (61), निवासी वैंकटराय नगर, तुकुकु वेस्ट गोदावरी, आंध्र प्रदेश के रूप में हुई. डीडीआरएफ और यात्रा प्रबंधन बल ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें लिनचोली के चिकित्सा राहत बिंदु (एमआरपी) में पहुंचाया. हालांकि यहां भी डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.दोनों घटनाओं के बाद यात्रा प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रा पर निकलें. स्वास्थ्य जांच के बाद ही आगे बढ़ने की सलाह दी जा रही है. साथ ही बुजुर्ग और बीमार यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है. गौरतलब है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग दुर्गम और ऊंचाई वाला क्षेत्र है, जहां शरीर पर अचानक दबाव बढ़ सकता है. इसलिए यात्रा से पूर्व चिकित्सकीय सलाह लेना बेहद आवश्यक है.

## मेरठ में कॉलेज छात्रा से रेप और ब्लैकमेलिंग के आरोप में मौलाना गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने एक मौलाना को एक कॉलेज की छात्रा से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है. ये मामला यहां के लोहियानगर थाना क्षेत्र का है, जहां आरोपी ने छात्रा से दुष्कर्म किया और उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है. आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है. खबर के मुताबिक मेरठ के लोहियानगर के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) योगेश चन्द्र ने शुक्रवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि मोबीनगर निवासी आरोपी मौलाना अहमद हुसैन को 21 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर पकड़ा गया है. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मौलाना ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर पहले उससे दोस्ती की और फिर शारीरिक संबंध बनाए. पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने आरोप लगाया कि वह दो वर्षों तक मौलाना की धमकियों और दबाव में रही. इस दौरान आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया, जिसके आधार पर वो उसे लगातार ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रही है, जिसके तंग आकर उसने पुलिस की मदद ली और आरोपी के खलिाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है. एसएचओ ने बताया कि शिकायत में यह भी कहा गया है कि युवती द्वारा विवाह की बात उठाए जाने पर आरोपी उसे शहर के एक अन्य थाना क्षेत्र में ले गया, जहां कथित तौर पर उसके चार साथियों ने भी उससे दुष्कर्म किया. पीड़िता का यह भी आरोप है कि गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर आरा. `पी ने उसका गर्भपात करा दिया.पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है. प्राथमिक जांच में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस अन्य आरोपों की गंभीरता से जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है. आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी.

## 9वीं का छात्र खेलता था 18 घंटे पबजी, अब कमांडो

उत्तर प्रदेश के बागपत के टीकरी कस्बे में आनलाइन मोबाइल गेम की लत में पड़ा एक छात्र मानसिक रूप से इस कदर बीमार हो गया कि गेमिंग की तरह वह कमांडो की ड्रेस पहनकर और हाथ में नकली गन लेकर लोगों पर गोलिया बरसाने आदि जैसी हरकत करने लगा. कक्षा 9 का यह छात्र आज इतना हिंसक हो गया और अपने परिवार के लोगों और मोहल्ले के लोगों के साथ मारपीट करने लगा. वह नशे का आदी हो गया. हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ गया, जहां उसका उपचार चल रहा है. टीकरी कस्बे के रहने वाले राजमिस्त्री नीटू के दो बेटे और एक बेटी है. सबसे बड़ा बेटा मनीष कस्बे में ही कक्षा 9 का छात्र है. जिसने कुछ समय पहले किस्तों पर एक स्मार्ट फोन खरीदा था और ऑनलाइन गेम खेलने लगा था. गेमिंग की लत ने उसकी मानसिक स्थिति को गंभीर रूप से बीमार कर दिया. छात्र 24 घंटे में लगभग 18–20 घंटे तक मोबाइल पर पबजी गेम खेलता था. ज्यादा गेम के चलते वह अपनी पहचान भूलकर खुद को पबजी गेम का खिलाड़ी और कोड नंबर बताने लगा. पहले परिवार के लोगों ने उसकी गतिविधियों को सामान्य माना, लेकिन जब वह अजीबो–गरीब हरकतें करने लगा. वह घर में पबजी के पात्रों (कमांडो )जैसी बातें और हरकतें करने लगा. इससे परिजनों की चिंता बढ़ गई. उसने खाना–पीना और बातचीत करना भी बंद कर दिया था. बेटे की हालत बिगड़ते देख परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.वहां सामान्य जांच के दौरान किशोर ने डॉक्टरों को अपना नाम श्फाइटर 2.0श बताया और अस्पताल में भी पबजी के खिलाड़ियों जैसी हरकतें करने लगा. उसकी मानसिक स्थिति देख डॉक्टर हैरान रह गए और उसे तत्काल मनोचिकित्सक के पास भेजा गया. किशोर का इलाज शुरू कर दिया गया है. वर्तमान में मनीष का उपचार दिल्ली के अब्बास हॉस्पिटल में चल रहा है.

## देश के पहले विस्टाडोम कोच ट्रेन सेवा की शुरुआत, पर्यटक उठा सकेंगे 109 किमी जंगल सफारी का लुफ्त



उत्तर प्रदेश के पर्यटकों के लिए एक अच्छी खबर है. अगर आप भी जंगल, वन्यजीव और प्रकृति के शौकीन हैं, तो अब रोमांचक सफर के लिए ट्रेन से जंगल की सैर का आनंद उठा सकते हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां जंगल सफारी के लिए विस्टाडोम कोच ट्रेन सेवा शुरू की गई है.यह खास ट्रेन सेवा कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से लेकर दुधवा टाइगर रिजर्व तक शुरू की गई है, जिसमें विस्टाडोम कोच लगे हैं. इन कोचों की खिड़कियां और छतें पारदर्शी होती हैं, जिससे यात्री प्रकृति, जंगल और जानवरों को बेहद करीब से देख सकते हैं.मात्र 275 रुपये में मिलेगा 107 किलोमीटर लंबा जंगल सफारी का अनुभवविस्टाडोम कोच ट्रेन सेवा की शुरुआत फिलहाल शनिवार और रविवार को की गई है. यह सफर लगभग 107 किलोमीटर का है और इस यात्रा में वेटलैंड, घास के मैदान, खेतों और घने जंगलों का खूबसूरत दृश्य देखने को मिलता है. सफर की कुल अवधि 4 घंटे 25 मिनट है. ट्रेन बिछिया (बहराइच) से सुबह 11रू45 बजे चलकर मैलानी (लखीमपुर खीरी) दोपहर 4रू10 बजे पहुंचती है. वापसी ट्रेन सुबह 6रू05 बजे मैलानी से चलकर 10रू30 बजे बिछिया पहुंचती है.पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट और किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य को एकीकृत कर राज्य के 'व्दम क्मेजपदंजपवद जीतमम थ्वतमेज' के रूप में पहचान दिलाई जाए. इसी उद्देश्य से इस सेवा की शुरुआत की गई है. यह सेवा अभी सप्ताह में दो दिन मिल रही है, लेकिन जल्द ही इसे सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध कराया जाएगा. इस सेवा से ना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आ. सपास के इलाकों में रोजगार के भी नए अवसर खुलेंगे.सरकारी स्कूल के बच्चों और ट्रैवल ब्लॉगरों के लिए खास टूरउत्तर प्रदेश इको टूरिज्म बोर्ड द्वारा सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए विशेष टूर की व्यवस्था की जा रही है, जिससे वे जंगल और प्रकृति के महत्व को समझ सकें. इसके अलावा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और ट्रैवल ब्लॉगर्स को भी इस सेवा से जोड़ा जा रहा है ताकि विस्टाडोम कोच सेवा का डिजिटल प्रचार–प्रसार हो सके. इस सेवा से होटल, रिसॉर्ट, होमस्टे और ट्रैवल एजेंसियों को सीधा फायदा मिलेगा. स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और इको टूरिज्म का विकास होगा.

## पूर्व सपा विधायक दीप नारायण यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत, जानें क्या है पूरा मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट से झांसी के पूर्व सपा विधायक दीप नारायण यादव को बड़ी राहत मिली है. हाइकोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई है. पूर्व सपा विधायक के खिलाफ 2022 में एससी–एसटी एक्ट के तहत झांसी के नवाबाद मुकदमा दर्ज हुआ था. झांसी के अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले संजू झरिया ने ये एफआईआर दर्ज कराई थी. यह एफआईआर पूर्व सपा विधायक दीप नारायण एवं अन्य व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज कराई थी. उनके खिलाफ अपरहण कर मुकदमे में जबरन सुलह कराने का आरोप था. मामले में 28 मई 2024 को चार्जशीट फाइल होने के बाद एससी–एसटी कोर्ट झांसी ने अभियुक्तों को तलब किया थापूर्व सपा विधायक ने समन आदेश को दी थी चुनौतीएससी–एसटी कोर्ट झांसी ने 25 जुलाई 24 को चार्जशीट का संज्ञान ले लिया था. पूर्व सपा विधायक ने क्रिमिनल अपील दाखिल कर चार्जशीट का संज्ञान लिए जाने और समन आदेश को चुनौती दी थी. याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्लाह और विनीत विक्रम ने पेश की दलीलें. मामले की सुनवाई जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में हुई है.आपको बता दें कि दीप नारायण यादव बुंदेलखंड में समा. जवादी पार्टी का एक बड़ा चेहरा हैं. झांसी के मोठ इलाके के बुडावली गांव के रहने वाले दीप नारायण यादव ने बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की. साल 1986 में दीप नारायण यादव बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज के सबसे कम उम्र के छात्र संघ अध्यक्ष बने. छात्र संघ के शपथ ग्रहण के लिए दीप नारायण यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को बुलाया था. इधर, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में साल 2022 का चर्चित जहरीली शराब कांड का मामले में सपा विधायक रमाकांत यादव की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में हुई सुनवाई. फिलहाल कोर्ट ने सपा विधायक रमाकांत यादव को कोई राहत नहीं दी है

## फिरोजाबाद में रेलवे स्टेशन के पास मिला नवजात बच्ची का शव, जांच में जुटी पुलिस




फिरोजाबाद के टूंडला कोतवाली क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. रेलवे स्टेशन के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में नवजात बच्ची का शव रेलवे कोच की चादर में लिपटा हुआ मिला. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. शव की खोज बिल्डिंग में काम करने वाले मजदूर तेज किशोर ने की, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया. निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिला शवटूंडला रेलवे स्टेशन के बाहर चर्च के पीछे बन रही नई बिल्डिंग में यह दिल दहलाने वाला दृश्य देखने को मिला. तेज किशोर ने बताया कि उन्होंने देर रात तक बिल्डिंग में काम किया था, तब वहां कुछ नहीं था. सुबह जब वे काम पर पहुंचे तो चादर में लिपटा हुआ नवजात शिशु दिखा. उन्होंने आसपास के ऑटो चालकों की मदद से पुलिस को सूचना दी. स्थानीय लोगों का मानना है कि बच्ची को जन्म के बाद उसकी मां ने लावारिस हालत में फेंक दिया.पुलिस ने शुरू की जांच सूचना मिलते ही टूंडला कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंजेश कुमार ने बताया कि नवजात बच्ची का शव रेलवे की एसी कोच में इस्तेमाल होने वाली चादर में लिपटा था. मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे पुलिस फोर्स को भी सूचित किया गया है. पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्ची को कब, कैसे और किसने छोड़ा.रेलवे चादर में लिपटा शव पुलिस के अनुसार, बच्ची को छोड़ने की घटना के पीछे के कारणों का पता पा. `स्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा. रेलवे चादर में शव मिलने से यह संदेह भी गहरा रहा है कि इस घटना का कोई रेलवे कनेक्शन हो सकता है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले में ठोस कार्रवाई का दावा कर रही है.

## यूपी के प्रत्येक मंडल में स्थापित किए जाएं आयुष महाविद्यालय, CM योगी का अधिकारियों को निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष चिकित्सा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए एक और बड़ा फैसला लिया है. उन्होंने निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के हर मंडल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय स्थापित किया जाए, जहां आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी जैसी सभी आयुष विधाओं की पढ़ाई और इलाज की सुविधा एक ही कैंपस में मिले.मुख्यमंत्री ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई बड़े निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि हर आयुष संस्थान में योग और नेचुरोपैथी सेंटर भी अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, ताकि लोग प्राकृतिक इलाज और स्वास्थ्य सुधार का लाभ उठा सकें.हर जिले में हेल्थ और वेलनेस सेंटर की योजनामुख्यमंत्री योगी ने कहा कि, हर जिले में हेल्थ और वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाए. यह केंद्र सरकारी या पीपीपी (पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर खोले जा सकते हैं. इन केंद्रों में आयुष पद्धतियों से इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य गुणवत्ता और समयसीमा के साथ पूरा किया जाए और पूरे प्रदेश में चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी तेजी से पूरा किया जाए.

# हाथरस में जमीनी विवाद में ग्रामीण की मौत ग्राम प्रधान समेत कुछ लोगों से हुआ था विवाद, किसान को आया हार्ट अटैक

हाथरस के कोतवाली सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव जरीनपुर भुर्राका में एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय ओमवीर सिंह पुत्र बाबू सिंह के रूप में हुई है। ओमवीर सिंह ने कुछ समय पहले जमीन खरीदी थी।इस जमीन को लेकर उनका ग्राम प्रधान और कुछ अन्य लोगों से विवाद चल रहा था। कल इस मामले में प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची थी। मृतक के बेटे के अनुसार, प्रशासन की टीम जाने के बाद ग्राम प्रधान और अन्य लोगों ने उनके पिता को धमकी दी।इसके बाद ओमवीर सिंह को हार्ट अटैक आ गया। परिजन उन्हें आगरा के अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव पा. `स्टमॉर्टम को भेजा मृतक के बेटे का आरोप है कि दबंगों की धमकी के कारण उनके पिता की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# किसानों की जमीन अधिग्रहण और बिजली संकट का विरोध

हाथरस में आज भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के अध्यक्ष हरपाल सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए। यूनियन के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की कीमती जमीनों का बेहद कम मूल्य पर अधिग्रहण कर रही है।भीषण गर्मी में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। बिजली आपूर्ति रोस्टर के अनुसार नहीं हो रही है। किसानों को दिन में केवल 3–4 घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे किसानों की खेती–बाड़ी प्रभावित हो रही है।किसान नेता ने बताया कि आवारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शासन–प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (डैंच) भी नहीं मिल रहा है।प्रदर्शनक. ारियों ने की नारेबाजी लगातार आंदोलन के बावजूद सरकार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। धरने के दौरान किसानों ने जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने किसने की समस्याओं के समाधान की मांग की।

# हाथरस में यादव महासभा की बैठक मनोज यादव बने जिलाध्यक्ष, बोले– अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए लड़ेंगे



अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एडवो. केट ने संगठन को मजबूत करने के लिए मनोज यादव को हाथरस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए अलीगढ़ रोड़ स्थित होटल जेपी डानार्ड में बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र यादव ने किया। समर्थकों ने फूल–मालाओं और प्रतीक चिन्ह भेंट कर मनोज यादव का स्वागत किया। मनोज यादव ने कहा कि वे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।प्रांतीय महासचिव महेश यादव संघर्षी ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की स्थापना 17 अप्रैल 1924 को हुई थी। महासभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज की सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।जिला कार्यकारिणी की होगी घोषणा कार्यक्रम में अलीगढ़ जिलाध्यक्ष विनय यादव और जिला संयोजक हरपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे। हरपाल सिंह यादव ने बताया कि संगठन का विस्तार ब्लॉक, तहसील, नगर व ग्राम स्तर तक किया जाएगा। मनोज यादव ने कहा कि वे यादव महासभा के सिद्धांतों के अनुसार काम करेंगे और जल्द ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद.कार्यक्रम में डॉ. सुरेश यादव, रिंकू यादव, संजीव यादव, समीर यादव एडवोकेट, श्रीनिवास यादव, दिनेश यादव, राहुल यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हाथरस में 7 साल के बच्चे की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा

हाथरस में 7 साल के बच्चे की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। काफी अन्य ग्रामीण भी उनके साथ थे। खुटीपुरी गांव के बच्चे जीवन उर्फ भोला की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी।पुलिस ने कल इस मामले में गांव के मंदबुद्धि युवक आवा उर्फ छोटू और उसके भाई सचिन को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, सचिन के बेटे आदित्य का मृतक बच्चे से झगड़ा हुआ था। इसी कारण आदित्य के चाचा आवा ने बच्चे की हत्या कर दी। आवा मूक–बधिर भी है।पूरा परिवार है शामिल.. मृतक के परिवार का आरोप है कि सचिन का पूरा परिवार इस हत्याकांड में शामिल है। उनका कहना है कि आरोपियों ने पहले शव को घर में छिपाया और फिर खेत में फेंक दिया। परिवार ने मुख्य आरोपी के रूप में सचिन के भाई देशवीर उर्फ छोली का नाम लिया है, जिसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन... पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने मूक–बधिर और मंदबुद्धि युवक आवा को मुख्य आरोपी बनाकर असली दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। कलेक्ट्रेट पर ग्रामीणों की भीड़ जमा होने की सूचना पर मुरसान पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पर परिजनों की पुलिस से नोंक–झोंक भी हुई। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को वापस भेजा।




# हाथरस जंक्शन कस्बे में ओवर ब्रिज के नीचे स्थित एक खोखे में आग लग गई

हाथरस जंक्शन कस्बे में ओवर ब्रिज के नीचे स्थित एक खोखे में आग लग गई। खोखे में गुटखा, सिगरेट, पान मसाला आदि सामान रखा था। दुकान के बगल में विद्युत ट्रांसफॉर्मर होने से स्थिति चिंता. जनक हो गई।आग की लपटें देखते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आग के विद्युत ट्रांसफॉर्मर और हाई टेंशन लाइन तक पहुंचने का खतरा था। सुरक्षा के लिए तुरंत बिजली आपूर्ति बंद करा दी गई। मौके पर काफी भीड़ लग गई। काफी देर तक अफरा तफरी जैसी स्थिति रही।स्थानीय लोगों ने जैसे तैसे पाया काबू स्थानीय लोगों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। फायर स्टेशन को भी सूचना दी गई। हालांकि, फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

# सादाबाद तहसील के गांव मानिकपुर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ



सादाबाद तहसील के गांव मानिकपुर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कथा पंडाल में हवन यज्ञ से हुई। यज्ञ में आहुति देकर भगवान से कथा के शांतिपूर्ण समापन का आशीर्वाद मांगा गया।इसके बाद श्री गणेश जी की आरती की गई। 51 कलशों की शोभायात्रा बैंड–बाजे के साथ गांव के विभिन्न मार्गों से निकली। लोगों ने फूल बरसाकर कलश यात्रा का स्वागत किया। श्रीमद् भागवत ग्रंथ की जगह–जगह आरती उतारी गई। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष और युवा नृत्य करते हुए चल रहे थे। कन्याएं नंगे पांव कलश लेकर चल रही थीं। कथा के परीक्षित बने अमर सिंह अपने सिर पर श्रीमद् भागवत ग्रंथ लेकर चल रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी ओमवती थीं। शिशुपाल शर्मा, उनकी पत्नी तारा देवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।कथा के पहले दिन वृंदावन से आए कथा व्यास मन. मोहन शरण महाराज और श्री माहिया जी ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा भी सुनाई।

# हाथरस के सादाबाद तहसील में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई

हाथरस के सादाबाद तहसील में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने गांव वेदई में छापेमारी कर 21 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक हाथरस के पर्यवेक्षण में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी में 105 पौवे देसी शराब बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत थाना सादाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया है।इस कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक सादाबाद मुकेश कुमार, हाथरस सदर के आबकारी निरीक्षक क्षितिज कुमार, सासनी के आबकारी निरीक्षक अच्छेलाल मिश्र और थाना सादाबाद के उपनिरीक्षक मुनीम सिंह मौजूद रहे। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध है। विभाग इस तरह की गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अवैध शराब की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस या आबकारी विभाग को सूचित करें। जिससे भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।




# हाथरस के जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने तहसील सादाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनसुनवाई की



हाथरस के जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने तहसील सादाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनसुनवाई की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बिजली बिल, अनावश्यक कटौती और आंधी–तूफान से क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक बार खाली कराई गई भूमि पर दोबारा कब्जा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सादाबाद तहसील में कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही समाधान किया गया।हाथरस तहसील में 62 में से 8 और सिकंदराऊ तहसील में 55 में 4 शिकायतों का तत्काल निस्तारण हुआ। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सादाबाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# बसपा कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय का किया घेराव, खनन माफिया पर आरोप

अलीगढ़ के थाना खैर क्षेत्र में एक युवक की कथित हत्या के मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय का घेराव किया। मामला 22 वर्षीय पवन बघेल की मौत से जुड़ा है।पवन 12 मई की रात मजदूरी के लिए गया था। अगली सुबह उसका शव खेतों में मिला। परिजनों का आरोप है कि खनन माफिया ने बुलडोजर से कुचलकर उनके बेटे की हत्या कर दी। उन्होंने थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।शनिवार को बसपा कार्यकर्ता और ग्रामीण पोस्टर–बैनर लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे। एसएसपी की अनुपस्थिति में उन्होंने सीओ अभय पांडे को ज्ञापन सौंपा। बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम ने कहा कि घटना को चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस टाल–मटोल कर रही है। सीओ अभय पांडे ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन प्राप्त कर लिया गया है।

# कुलपति बनी रहेंगी प्रो. नईमा खातून, हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को किया खारिज, नियुक्ति को ठहराया वैध

न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया एएमयू अधिनियम, विनियमों और प्रावधानों के अनुरूप हुई।इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एएमयू की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए उनकी नियुक्ति को वैध ठहराया है।न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया एएमयू अधिनियम, विनियमों और प्रावधानों के अनुरूप हुई। यद्यपि प्रो. खातून के पति प्रो. मोहम्मद गुलरेज ने कार्यवाहक कुलपति के रूप में कुछ बैठकों की अध्यक्षता की थी, परन्तु वे केवल औपचारिक भूमिका में थे और उनके होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।अदालत ने यह भी कहा कि अंतिम निर्णय भारत के राष्ट्रपति (जो विश्वविद्यालय के विजिटर होते हैं) द्वारा लिया गया, और उनके विवेकाधिकार पर कोई पक्षपात का आरोप सिद्ध नहीं होता। न्यायालय ने माना कि प्रो. नईमा खातून की योग्यता और पात्रता निर्विवाद है, और उनके चयन को चुनौती देने का कोई आधार नहीं बनता।अमुवि कुलपति प्रो. नईमा खातून ने कहा कि मुझे हमेशा भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता, गरिमा और निष्पक्षता पर पूरा विश्वास रहा है। यह निर्णय केवल मेरे व्यक्तिगत स्तर पर न्याय नहीं है, बल्कि हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों की संस्थागत प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि भी है। मैं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की सेवा पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समावेशी शैक्षणिक उत्कृष्टता के संकल्प के साथ करती रहूंगी। मैं आशा करती हूँ कि यह निर्णय हम सभी के लिए एक प्रेरणा बने, और विश्वविद्यालय की ज्ञान, न्याय और प्रगति की विरासत को आगे बढ़ाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करे।

# अलीगढ़ में सड़क हादसे में युवक की मौत

अलीगढ़ के थाना गोधा क्षेत्र में एक सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत हो गई। उसकी पत्नी अस्पताल में भर्ती है। घटना शुक्रवार रात की है।खेड़ा बुजुर्ग के 26 वर्षीय राहुल की शादी 5 मई को गुलावटी की 23 वर्षीय हिना से हुई थी। राहुल अपनी पत्नी को ससुराल से लेकर बाइक पर घर लौट रहा था। गोधा गांव के पास एक ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दंपति को जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। हिना की हालत गंभीर है और उनका इलाज जारी है।थाना गोधा पुलिस ने राहुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार, ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगढ़ की कोल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस, फूटा फरियादियों का दर्द

अलीगढ़ की कोल तहसील में होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान कम व्यवधान अधिक देखने को मिल रहा है। 17 मई को तहसील कोल में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जब कुछ फरियादियों से बातचीत की गई तो उनका दर्द फूट पड़ा। आवेदन और कागज इकट्ठे हो चुके हैं फरियादियों के पास कि फाइलों का वजन ही 2–2 किलो तक हो गया है। 8 साल से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

# एएमयू ने तुर्किये से तोड़े सभी शैक्षिक संबंधय नहीं भेजा जाएगा अलीगढ़ का ताला और हार्डवेयर

एएमयू ने पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्किये के साथ शैक्षिक संबंध खत्म कर दिए हैं। अलीगढ़ का ताला और हार्डवेयर भी तुर्किये नहीं भेजा जाएगा। यहां तक की तुर्किये से आने वाले सेब से भी व्यापारी तौबा कर रहे हैं।पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का सहयोग करने पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने तुर्किये के साथ अपने सभी शैक्षिक संबंध खत्म कर दिए हैं। अब एएमयू का तुर्किये के किसी भी विश्वविद्यालय के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा। विवि प्रशासन ने मंत्रणा के बाद शुक्रवार को इसका एलान किया।अभी तक एएमयू का तुर्किये के साथ पुराना शैक्षिक संबंध रहा है, जो विभिन्न शैक्षणिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों से स्पष्ट होता है। बीते कुछ वर्षों में भारत–तुर्किये के संबंधों पर केंद्रित सम्मेलन और कई संयुक्त शोध भी कराए गए हैं। समय–समय पर एएमयू ने अपने परिसर में तुर्किये के शोध विद्वानों और छात्रों की मेहमाननवाजी भी की है। यहां पर उनके कई व्याख्यान और अन्य कार्यक्रम भी हुए हैं। एएमयू ने भारत और तुर्किये के बीच संवाद और समझ को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान जैसे विषयों पर सम्मेलन और चर्चाएं कराईं थीं। इस्तांबुल के आयडिन विश्वविद्यालय और अंकारा स्थित अंकारा मेडिपोल विश्वविद्यालय में एएमयू के शिक्षक और छात्र भ्रमण पर जाते रहे हैं। यहां के शिक्षकों और छात्रों ने वहां के सम्मेलनों में भाग लिया है, लेकिन अब यह सिलसिला खत्म हो गया है।वर्तमान में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का तुर्किये के साथ किसी भी प्रकार का कोई शैक्षिक अनुबंध नहीं है। पूर्व में क्या रहा, उस पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती। अब सभी शैक्षिक संबंध समाप्त कर दिए गए हैं।–उमर पीरजादा, जनसंपर्क अधिकारी, एएमयू।एएमयू में पढ़ाई जाती है तुर्की भाषा एएमयू के विदेशी भाषा विभाग में तुर्की भाषा का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित है। वर्तमान स्थिति में इस कोर्स के संचालन पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह सिर्फ एक भाषा है, जिसे छात्र सीखते हैं। तुर्की के अलावा फ्रेंच और जर्मन सहित कई देशों की भाषाएं यहां पढ़ाई जाती हैं।तुर्किये नहीं भेजा जाएगा ताला और हार्डवेयरतुर्किये से तल्ख हुए भारत के संबंधों के बीच अलीगढ़ के ताला और हार्डवेयर कारोबारियों ने भी वहां से किसी भी तरह का संबंध रखने से इनकार कर दिया है। कारोबारियों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का साथ दिया है, जिसे भारतवासी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।इसी तरह ताला कारोबारी विशाल गुप्ता ने कहा कि तुर्किये का विरोध हर स्तर पर किया जाएगा। यहां से ताला वहां नहीं भेजा जाएगा।

# सेंटर प्वाइंट के स्पा सेंटर पर छापा, पांच युवतियां पकड़ीं, इलाके में मची अफरातफरी

समद रोड स्थित रिलेक्स स्पा सेंटर पर गश्त के दौरान अधिकारियों की नजर गई। आए दिन स्पा सेंटरों को लेकर सूचनाएं मिलती रहती हैं। इसलिए महिला थाने से फोर्स बुलाकर पुलिस टीम इस स्पा सेंटर में घुस गई। उस वक्त वहां सिर्फ पांच युवतियां थीं। जिन्हें महिला थाने ले जाया गया।अलीगढ़ के सेंटर प्वाइंट पर संचालित एक स्पा सेंटर पर 16 मई देर शाम पुलिस ने अचानक छापा मारा। इस दौरान स्पा में कोई पुरुष और आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। वहां पांच युवतियां मिलीं, जिन्हें पूछताछ के लिए महिला थाने ले जाया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में अफरातफरी मच गई।देर शाम सीओ तृतीय अभय पांडेय की अगुवाई में पुलिस गश्त कर रही थी। अचानक से समद रोड स्थित रिलेक्स स्पा सेंटर पर अधिकारियों की नजर गई। आए दिन स्पा सेंटरों को लेकर सूचनाएं मिलती रहती हैं। इसलिए महिला थाने से फोर्स बुलाकर पुलिस टीम इस स्पा सेंटर में घुस गई। उस वक्त वहां सिर्फ पांच युवतियां थीं। जिन्हें महिला थाने ले जाया गया।सीओ तृतीय ने बताया कि छापे में वहां कोई पुरुष या आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। मौके से मिलीं युवतियों ने बताया कि वे यहां काम करती हैं। युवतियों से पूछताछ की जा रही है। उनके परिजनों को बुलाया गया है। उन्हें उनके सुपुर्द किया जाएगा। इस छापे का उद्देश्य आए दिन होने वाली शिकायतों के क्रम में जांच करना था।

# हाथरस के कोतवाली सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव जरीनपुर भुर्राका में एक किसान की मौत हो गई

हाथरस के कोतवाली सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव जरीनपुर भुर्राका में एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय ओमवीर सिंह पुत्र बाबू सिंह के रूप में हुई है। ओमवीर सिंह ने कुछ समय पहले जमीन खरीदी थी।इस जमीन को लेकर उनका ग्राम प्रधान और कुछ अन्य लोगों से विवाद चल रहा था। कल इस मामले में प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची थी। मृतक के बेटे के अनुसार, प्रशासन की टीम जाने के बाद ग्राम प्रधान और अन्य लोगों ने उनके पिता को धमकी दी।इसके बाद ओमवीर सिंह को हार्ट अटैक आ गया। परिजन उन्हें आगरा के अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम को भेजा मृतक के बेटे का आरोप है कि दबंगों की धमकी के कारण उनके पिता की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# हाथरस में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया

हाथरस में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा बागला इंटर कॉलेज से शुरू होकर आगरा रोड होते हुए शहीद पार्क पर समाप्त हुई।यात्रा में हर व्यक्ति के हाथ में तिरंगा था। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे गूंजते रहे। कमला बाजार चौक पर लोगों ने फूलों की वर्षा की। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता, व्यापारी, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, कॉलेज के छात्र और भाजपा के जन–प्रतिनिधि शामिल हुए।मुख्य अतिथि एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सेना के वीर जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित थी।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद कार्यक्रम में सांसद अनूप प्रधान की पत्नी लक्ष्मी प्रधान, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, सिकंदराराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता दिवाकर सहित काफी लोग



मौजूद रहे।भारत शौर्य यात्रा संयोजक हरीश सेंगर, रामेश्वर उपाध्याय, रामवीर सिंह भैयाजी, रामकुमार माहेश्वरी, रूपेश उपाध्याय, मीरा माहेश्वरी सहित काफी तादाद में लोग शामिल थे। तिरंगा यात्रा को लेकर सुबह 8 बजे से ही शहर का रूट डायवर्ट कर दिया गया था।

# अलीगढ़ में 15 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

अलीगढ़।खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा मानते हुए अलीगढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित 15 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष डॉ.मोहम्मद अनस द्वारा किया गया।समारोह के दौरान डॉ.अनस ने बच्चों,अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर सिर्फ प्रशिक्षण नहीं,बल्कि भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की नर्सरी है।उन्होंने युवाओं में खेल भावना,अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में अलीगढ़ जनपद के विभिन्न स्कूलों के साथ–साथ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के स्कूलों के छात्र भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यहां पर छः से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को इस शिविर में फुटबॉल के तकनीकी कौशल,शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता,टीमवर्क और खेल नैतिकता जैसी महत्वपूर्ण पहलुओं की गहन ट्रेनिंग दी जा रही है।शिविर का संचालन एएमयू के जाने–माने वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक सैयद तौफैल उर रहमान द्वारा किया जा रहा है जो वर्षों से युवा खिलाड़ियों को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।उनके साथ एएमयू के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी जमीर चौधरी सहायक प्रशिक्षक की भूमिका में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।इस ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।इस दौरान सुबह सुबह मैदान पर बच्चों की ऊर्जा,जिज्ञासा और सीखने की लगन से वातावरण प्रेरणादायक बन गया वहीं प्रशिक्षकों का समर्पण और खिलाड़ियों की मेहनत यह संकेत दे रही है कि आने वाले समय में अलीगढ़ से कई होनहार फुटबॉलर राष्ट्रीय पटल पर चमक सकते हैं।डॉ.अनस ने यह भी घोषणा की कि शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और विशेष प्रशंसा से नवाजा जाएगा।उन्होंने कहा कि यह आयोजन भविष्य में और बड़े स्तर परआयोजित किया जाएगा,जिससे अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।उहोने आगे कहा कि फुटबॉल क्लब का यह प्रयास निश्चित रूप से खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने की ओर एक बड़ा कदम सिद्ध होगा।इस अवसर पर कैप्टन मोहम्मद रिजवान,मजहउल कमर,मोहम्मद खालिद रजा,प्रशिक्षक स्विमिंग सुहैल फारूकी और एखलाक अंसारी समेत अनेक प्रबुद्ध लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# डीएस बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ नवरंग सीजन टू समर कैंप का उदघाटन

अलीगढ़।धर्म समाज बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगढ़ में नवरंग सीजन टू समर कैंप का उदघाटन प्रबंधक संजय कुमार गोयल और कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल रेमंड ने किया।समर कैंप का प्रारंभ सभी छात्र छात्राओं ने जुम्मा डांस से किया।प्रबंधक संजय कुमार गोयल ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य छात्र छात्राओं के लिए मनोरंजन और शिक्षा के अवसर प्रदान करना है।प्रबंधक ने कहा कि नई कौशल विकास नीति से समर कैंप के छात्र–छात्राओं को विकास करने के अवसर मिलेंगे जैसे कि खेल,कला और संगीत और बच्चों का कौशल विकास बढ़ेगा।कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल रेमंड ने कहां समर कैंप में छात्र छात्राओं को टीम वर्क और संचार आदि का ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़ेगा और खिलाड़ियों में मोबाइल चलाना कम होगा।प्रधानाचार्य रचना गुप्ता ने सभी प्रबंध समिति के अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद व्यक्त किया और बताया समर कैंप में लगभग 350 छात्र–छात्राएं विभिन्न एक्टिविटीज में भाग ले रहे हैं।जिसमें डांस,क्रिकेट,मेहंदी, ताई कमांडो,जुम्मा,बैडमिंटन,आर्ट एंड क्राफ्ट,स्केटिंग और बास्केटबॉल में छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं।प्रधानाचार्या रचना गुप्ता ने कहा समर कैंप का उपदेश बच्चों के लिए मस्ती और आनंद के साथ अपने साथियों के साथ समय बिताना और नए अनुभव प्राप्त करना है।उदघाटन के समय हेड मिस्ट्रेस पूजा जैन,अनुशासन प्रभारी पुष्कर वार्ष्णेय,खेल प्रभारी प्रदीप रावत,खेल प्रशिक्षक रजनीश जैन,खेल प्रशिक्षक गौरव राजपूत,खेल प्रशिक्षिका लुबना सफीक आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दीन दुखी और संतों की सेवा करने से मिलता है भगवान की पूजा का पुण्य लाभ–कौशल कृष्ण शास्त्री

अलीगढ़।महानगर के बनिया पाड़ा स्थित श्याम चौक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में खेरेश्वर धाम से पधारे कथा व्यास पंडित कौशल कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की उत्पत्ति का वर्णन बताया गया व नारद जी का पूर्व जन्म सुनाया गया इसके अलावा महाराज परीक्षित के जन्म की कथा का भी श्रवण कराया गया साथ ही महाराज परीक्षित को किस प्रकार श्राप लगा वह भी बताया गया।महाराज जी ने बताया जीवन में संतों की सेवा करने मात्र से भगवान की सेवा करने का फल प्राप्त हो जाता है साथ ही दीनों की सेवा,गरीबों की सेवा करने से भी भगवान की सेवा करने का फल प्राप्त हो जाता है।इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा में यजमान शिव कुमार गुप्ता और मीणा वार्ष्णेय रहे और इस अवसर पर डॉ.गौरी आ य ा र्, अ त ु ल राजाजी,नीरज,सपना वार्ष्णेय और रवि वार्ष्णेय समेत अनेक श्रद्धालु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पिंडदान से मोक्ष तक, गया में श्राद्ध परंपरा का महत्व




बिहार के ऐतिहासिक और धार्मिक शहर गया को अब नया नाम मिल गया है. अब गया नहीं बल्कि ये शहर 'गया जी' के नाम से जाना जाएगा. गया की भूमि को मोक्ष की धरती भी कहा जाता है. भारत में गया ही एक ऐसा स्थान है जहां पूरे साल श्राद्ध किया जाता है.यहां हर साल लाखों की संख्या में लोग अपने पितरों के मुक्ति और मोक्ष के कामना के लिए गया में पिंडदान करते हैं. गया में पिडंदान से लेकर मोक्ष तक, आखिर यहां श्राद्ध परंपरा का क्यों है इतना महत्व आइए जानते हैं.गया में क्यों किया जाता है श्राद्ध ?'श्राद्धारंभे गयां ध्यात्वा ध्यात्वा देवं गदाधरम्। स्वपितृन् मनसा ध्यात्वा ततरू श्राद्धं समाचरेत।।'अर्थात – श्राद्ध चाहे घर में हो या प्रयाग, काशी, पुष्कर, नैमिषारण्य या गंगा किनारे ही क्यों न किया जाए, श्राद्ध का आरंभ ही गयाधाम और गया के प्रधान देवता भगवान गदाधर का स्मरण कर किया जाता है.गया कि धरती पर खुद माता सीता ने फ्लगु नदीं के तट पर बालू का पिंड राजा दशरथ को दिया था. मान्यता है कि उनके इस पिंड के बाद ही राजा दशरथ को स्वर्ग की प्राप्ति हुई थी. महाभारत काल में पांडवों ने भी इसी स्थान पर श्राद्ध कर्म किया था.धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सर्वपितृ अमावस्या के दिन गया में पिंडदान करने से 108 कुल और 7 पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है और पित. रों की आत्मा को शांति मिलती है.पुराणों में गया का जिक्रअग्निपुराण इस रूप में देता है कि गया में साक्षात भगवान विष्णु ही पितृदेव के रूप में विराजमान हैं. वायुपुराण के अनुसार जो गया के लिए घर से प्रस्थान मात्र करता है वह गमनरूपी प्रत्येक पद पितरों के लिए स्वर्गगमन की सीढ़ी बन जाता है. श्राद्ध करने की दृष्टि से पुत्र को गया में आया देखकर पितृगण अत्यंत प्रसन्न होकर उत्सव मनाने लगते हैं.कूर्मपुराण के ऋषि सस्वर उद्घोष करते हैं कि वे मनुष्य धन्य हैं जो गया में पिंडदान करते हैं. वे माता–पिता दोनों के कुल की सात पीढ़ियों का उद्धार कर स्वयं भी परम गति को प्राप्त करते हैं.असुर के शरीर पर बसा है गया तीर्थगयासुर नामक एक असुर ने कड़ी तपस्या कर ब्रह्माजी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन कर पाप मुक्त हो जाएं. इस वरदान के बाद लोगों में भय खत्म हो गया और पाप करने लगे. पाप करने के बाद वह गयासुर के दर्शन करते और पाप मुक्त हो जाते थे. ऐसा होने स स्वर्ग और नरक का संतुलन बिगड़ने लगा. बड़े बड़े पापी भी स्वर्ग पहुंचने लगे.इन सबसे बचने के लिए देवतागण गयासुर के पास पहुंचे और यज्ञ के लिए पवित्र स्थान की मांग की. गयासुर ने अपना शरीर ही देवताओं को यज्ञ के लिए दे दिया और कहा कि आप मेरे ऊपर ही यज्ञ करें. जब गयासुर लेटा तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया और यही पांच कोस आगे चलकर गया बन गया. गयासुर के पुण्य प्रभाव से वह स्थान तीर्थ के रूप में जाना गया. गयासुर के विशुद्ध शरीर में ब्रह्मा, जनार्दन, शिव तथा प्रपितामह निवास करते हैं इसलिए पिंडदान व श्राद्ध कर्म के लिए इस स्थान को उत्तम माना गया है.

## धनु राशि नौकरीपेशा लोगों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत बनेंगे, पढें पूरा वीकली राशिफल

धनु राशि चक्र की नौवी राशि है. इसके स्वामी बृहस्पति ग्रह है. जानते हैं धनु राशि वाले जातकों के लिए यह नया सप्ताह यानी 18 से 24 मई 2025 तक का समय कैसा रहेगा और आपको समस्याओं से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए. ज्योतिषाचार्य जानें धनु राशि वालों का साप्ताहिक राशिफल विस्तार से धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह लंबे समय से चली आ रही किसी बड़ी समस्या के समाधान का कारण बनेगा. इस सप्ताह आपको घर और बाहर दोनों जगह लोगों का सहयोग और समर्थन मिलेगा. यदि आप लंबे समय से बेरोजगार चल रहे हैं तो आपके लिए यह सप्ताह कोई बड़ी खुशखबरी लेकर आ सकता है.रोजी–रोजगार की दिशा में किए गये प्रयास सफल होंगे, वहीं पहले से कार्यरत लोगों के पद–प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी संभव है. नौक. रीपेशा लोगों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत बनेंग. आर्थिक दिक्कतें दूर होंगी. सप्ताह के मध्य में अचानक से किसी तीर्थ स्थान की यात्रा अथवा धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा.इस सप्ताह आर्थिक मामलों को योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर विशेष लाभ और उन्नति होगी. सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर–कारोबार से जुड़ी यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी. परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और सामंजस्य बना रहेगायदि किसी बात को लेकर लव पार्टनर अथवा लाइफ पार्टनर के साथ तकरार चल रही थी तो इस सप्ताह संवाद के जरिए सारी गलतफहमियां दूर होंगी। प्रेम और आपसी विश्वास बढ़ेगा. आप घर–परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन करेंगे.

## बात बात पर आप भी देते हैं गाली, सुधर जाएं! शनि, राहु समेत ये ग्रह कर देंगे आपको कंगाल

कई लोगों को आपने देखा होगा कि वह बात बात पर गाली देते हैं और फिर गाली देकर बात करना उनकी आदत बन जाती है. अगर आप भी दोस्तों के साथ या फिर अन्य किसी से गाली गलौज करके बात करते हैं तो यह आदत आज ही सुधार लें क्योंकि यही आदत आपको एक दिन कंगाल बना देगी. गाली गलौज करके बात करना ना केवल सामाजिक और नैतिक दृष्टि से अनुचित है, बल्कि ज्योतिषीय रूप से भी यह आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है. गाली गलौज के साथ बात. चीत करने से शनि, राहु और बुध ग्रह प्रभावित होते हैं और कुंडली में इन ग्रहों की वजह से कई दोष भी उत्पन्न होते हैं. आइए जानते हैं गाली गलौज करने पर किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है.शनि ग्रह शनि को कर्म, अनुशासन और न्याय का ग्रह माना जाता है. यह ग्रह व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, तप, संयम और न्यायप्रियता को दर्शाता है.गाली देना या किसी को अपमानित करना शनि के प्रतिकूल प्रभाव को बढ़ा देता है, जिससे व्यक्ति को जीवन में बाधाएं, न्यायिक समस्याएं या सामाजिक बदनामी मिल सकती है.कुंडली में शनि स्थिति कमजोर होती है और शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और महादशा के अशुभ प्रभाव का सामना करना पड़ता है.राहुराहु एक छाया ग्रह है और इसे भ्रम, छल, और अप्राकृतिक इच्छाओं का प्रतीक माना जाता है. गाली–गलौज जैसी नकारात्मक वाणी से राहु की ऊर्जा और भी अधिक अनियंत्रित हो सकती है, जिससे व्यक्ति मानसिक अशांति, असामाजिक व्यवहार और झूठे आरोपों का शिकार हो सकता है.कुंडली में राहु की स्थिति कमजोर हो जाती है जब व्यक्ति की वाणी कटु और अनियंत्रित होती है.बुध ग्रह बुद्धि, वाणी, संवाद, नौकरी और व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं.यह ग्रह जितना तेज और व्यावहारिक होता है, उतना ही संवेदनशील भी होता है जब बात वाणी और संचार की हो.गाली देने या कटु भाषा बोलने से कुंडली में बुध की स्थिति कमजोर होती है, जिससे व्यक्ति की सो. चने–समझने की शक्ति, संवाद क्षमता और रिश्तों में तनाव उत्पन्न हो सकता है.कैसे सुधारें गाली देने की आदतहर रोज सुबह सूर्य को अर्घ्य दें और रुद्राक्ष की माला से गायत्री मंत्र का 108 बार जप करें. ऐसा करने से मन में सकारात्मक विचार आते हैं और क्रोध भी शांत रहता है.हर रोज साध्विक भोजन का अनुसरण करें क्योंकि पेट में जैसा जाता है, वैसे ही विचार मन में उत्पन्न होते हैं. अगर आप शुद्ध खाएंगे तो शुद्ध ही विचार में मन में उत्पन्न होंगे. हर रोज सुबह ब्रश के बाद तुलसी के दो पत्ते खाने की आदत अवश्य डालें. ऐसा करने से मन पवित्र होता है और सक. ारात्मक ऊर्जा का संचार आसपास बना रहता है.

## 70 साल के बुजुर्ग ने नंगे पांव चलकर तय किया 2200 झड का सफर, पहुंचे केदारनाथ धाम, अटूट आस्था का अद्भुत वीडियो हो रहा वायरल

जब दिल में सच्ची आस्था और मन में मजबूत संकल्प हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती. ऐसा ही एक उदाहरण पेश किया है कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के रहने वाले 70 साल के एक बुजुर्ग ने, जिन्होंने भगवान शिव के दर्शन के लिए लगभग 2200 किलोमीटर का पैदल सफर तय किया और केदारनाथ धाम पहुंचे. उनकी इस यात्रा ने साबित कर दिया है कि आस्था और श्रद्धा जब दिल में बस जाए, तो उम्र और दूरी मायने नहीं रखती. यह यात्रा उन्होंने अकेले नहीं, बल्कि अपने कुछ साथी श्रद्धालुओं के साथ मिलकर की. इन लोगों ने 3 मार्च को कलबुर्गी से अपनी पैदल यात्रा की शुरुआत की और 1 मई को उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम पहुंचकर अपनी मंजिल को पाया. खास बात यह रही कि उन्होंने यह पूरा सफर नंगे पांव तय किया, जो अपने आप में एक अद्भुत और साहसी कार्य है. इस दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा– कभी गर्मी और सर्दी का कहर, तो कभी ऊबड़–खाबड़ रास्तों और पहाड़ों से गुजरना पड़ा. लेकिन उनकी आस्था, श्रद्धा और हौसले ने उन्हें हर मुश्किल से पार निकाल लिया. इस यात्रा में उन्होंने मैदानों, जंगलों और पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए दो महीने से भी ज्यादा समय लगाया.यात्रा के एक वीडियो में ये बुजुर्ग कहते नजर आते हैं कि, "इतनी लंबी और कठिन यात्रा तभी संभव हो सकती है जब भगवान की सच्ची कृपा हो." यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है. इस वीडियो में मंदिर पहुंचते ही उनकी आंखों में खुशी, संतोष और भक्ति का अद्भुत संगम साफ झलकता है.वीडियो को देखकर लोगों ने श्रद्धालुओं की भक्ति, सहनशक्ति और समर्पण की जमकर तारीफ की है. सोशल मीडिया पर कमेंट्स की भरमार है– किसी ने इसे प्रेरणादायक यात्रा कहा, तो किसी ने लिखा, "ऐसी आस्था के सामने हर मुश्किल छोटी लगती है."यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं थी, बल्कि यह सिखाती है कि जब मन सच्चे विश्वास से भरा हो, तो रास्ते की हर बाधा छोटी लगने लगती है. यह कहानी उन सभी के लिए प्रेरणा है, जो अपने जीवन में कोई लक्ष्य लेकर चल रहे हैं. इससे यह भी साबित होता है कि भक्ति केवल शब्दों में नहीं, कर्मों में होनी चाहिए.

## 8 साल बाद केतु का सिंह राशि में गोचर, मेष, धनु समेत 5 राशियों को चारों तरफ से होगा लाभ ही लाभ



केतु ग्रह 18 मई को कन्या राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करने वाले हैं. वैदिक ज्योतिष में, केतु को एक छाया ग्रह माना जाता है, जो जीवन के कई पहलुओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है. यह हर 18 महीने में एक राशि से दूसरी राशि में गोचर करता है, जिससे भाग्य, अवसरों और समस्याओं में महत्वपूर्ण बदलाव आते हैं. इस तरह केतु 18 साल बाद सूर्यदेव की राशि सिंह में प्रवेश करने वाले हैं. केतु जब भी राशि परिवर्तन करते हैं, उसका प्रभाव मेष से मीन तक सभी 12 राशियों पर पड़ने वाला है. कुछ राशियों के लिए केतु का सिंह राशि में गोचर उतार–चढ़ाव की स्थिति लेकर आएगा तो कुछ राशियों को केतु के गोचर से फायदा भी होने वाला है. आज हम उन राशियों के बारे में बताएंगे, जिनको केतु के गोचर से फायदा होने वाला है.मेष राशि वालों के लिए केतु का गोचर फायदेमंद होने वाला है. केतु का गोचर रचनात्मक और प्रफेशनल प्रयास में अपार अवसर लेकर आएगा. साथ ही नेतृत्व करने की क्षमता में वृद्धि भी होगी. आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों को पहचान मिलेगी और सभी आपके कार्यों से काफी प्रभावित भी होंगे. वित्तीय वृद्धि की संभावना बन रही है और जो लोग कलात्मक गतिविधियों में शामिल हैं, वे नए मील के पत्थर हासिल कर सकते हैं. इसके अलावा, आप धार्मिक या शुभ अनुष्ठानों में शामिल हो सकते हैं, जो आपको आध्यात्मिक रूप से बढ़ने में मदद करेंगे. केतु आपकी राशि के लग्न भाव अर्थात पहले स्थान पर गोचर करने वाला है. इस दौरान वित्तीय समृद्धि के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे और कई कार्य समय पर भी पूरे होंगे. अगर आप नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे हैं, तो आप प्रफेशनल लक्ष्यों से मेल खाने वाले नए अवसरों पर नजर रखें. आपके भाई–बहनों के साथ आपका संबंध मजबूत होगा और उनका समर्थन पर्सनल और प्रफेशनल स्थितियों में उपयोगी हो सकता है. व्यवसायी वित्तीय सफलता की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि उनके प्रयास लाभकारी परिणाम देने लगेंगे. केतु के गोचर का वृश्चिक राशि पर प्रभावकेतु का गोचर वृश्चिक राशि वालों के लिए लाभक. ारी सिद्ध होने वाला है. इस दौरान आपको पिछले निवेशों से लाभ होने की संभावना बन रही है, जिससे महत्वपूर्ण कमाई होगी. सिंह राशि में केतु का गोचर वृश्चिक राशि वालों के लिए करियर और व्यवसाय दोनों में महत्वपूर्ण सुधार लाने की संभावना है. केतु का सिंह राशि में गोचर से वृश्चिक राशि वाले नौकरी की तलाश करने वालों को अंततः काम मिल सकता है, जबकि जो काम कर रहे हैं, उनको करियर में उन्नति और वित्तीय स्थिरता की उम्मीद कर सकते हैं. वहीं व्यापार में नए अवसरों के लिए द्वार खुलेंगे और कई प्रतिष्ठित ऑर्डर भी आपको मिल सकते हैं.केतु के गोचर का धनु राशि पर प्रभावकेतु का गोचर धनु राशि वालों के लिए शुभ फलदायी साबित होने वाला है. इस दौरान आपके द्वारा की गई मेहनत का फल मिलेगा और अच्छा धन लाभ होने की भी संभावना बन रही है. यह समय विशेष रूप से उन लोगों के लिए नए अवसर प्रदान करेगा जो रोजगार में हैं. करियर की चुनौतियां कम हो सकती हैं और विकास और उपलब्धियों के नए अवसर उभरेंगे. वित्तीय रूप से यह अवधि अनुकूल प्रतीत होती है, जिसमें वृद्धि और स्थिरता के अवसर हैं. केतु के सिंह राशि में गोचर से धनु राशि वालों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की संभावना है, जिससे आप पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में नई ऊर्जा लगा सकें. घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा की संभावना है, जो दिलचस्प अनुभव और सीखने के अवसर प्रदान कर सकती है.केतु के गोचर का कुंभ राशि पर प्रभावक. ेतु का गोचर कुंभ राशि वालों के लिए कल्याणकारी साबित होगा. इस दौरान कुंभ राशि वालों को अच्छे अवसर मिलेंगे, जिससे नौकरी की उपलब्धियां, धन लाभ और व्यवसाय का विस्तार शामिल है. केतु का प्रभाव उन्हें पिछले अवरोधों को दूर करने और जीवन पर एक नई दृष्टिकोण प्राप्त करने में मदद करेगा. करियर में उन्नति और वित्तीय स्थिरता भी संभावित है, जिससे यह दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का शुभ समय बनता है. व्यवसाय मालिक नए अनुबंधों और संबंधों की उम्मीद कर सकते हैं, जो उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करेंगे.

## जेठ में सूखे तुलसी पौधे को फेंके नहीं, लकड़ी से घर में करें ये उपाय, साल भर डंटी रहेंगी लक्ष्मी, पाप से बचेंगे!

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को लक्ष्मी स्वरूप माना गया है. तुलसी को माता का दर्जा भी दिया जाता है. मान्यता है कि जो जातक तुलसी पूजा करते हैं, उनके घर में कभी पैसों की कमी नहीं होती. साथ ही घर में सुख–समृद्धि और शांति का वास होता है. हालांकि, माह के अनुसार तुलसी पूजा का विधान भी बदलता है.इन दिनों ज्येष्ठ माह की शुरुआत हो चुकी है. जेठ में गर्मी चरम पर होती है. सूरज आग उगलता है. इस कारण बड़े–बड़े पेड़ सूख जाते हैं. तमाम घरों में तुलसी भी सूख जाती हैं. अगर आपके घर में भी तुलसी सूख गई हैं तो उनकी लकड़ी को फेंके नहीं, बल्कि कुछ उपाय कर लें, घर में लक्ष्मी का वास होगा. उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज से जानें जेठ में तुलसी पूजन का विधान..आर्थिक तंगीरू जेठ महीने में अगर तुलसी सूख गई हैं तो उसकी जड़ को एक पीले कपड़े में बांधकर अपने घर के मुख्य द्वार पर लटका दें. इससे हमेशा घर में लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी. इस उपाय को करने से श्रीहरि प्रसन्न होते हैं और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है. साथ ही धन लाभ के योग बनते हैं.सूखी तुलसीरू सुखी तुलसी की लकड़ी थोड़ी लेकर एक बंडल बना लें और इसे सूत या फिर सफेद धागे से बांध दें. इसके बाद गंगाजल में डूबो दें. फिर हर सप्ताह इससे पूरे घर में गंगाजल छिड़क दें. ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी.सुख–समृद्धिरू जेठ महीने में हर रोज तुलसी के पौधे में जल अर्पण अवश्य करना चाहिए. उस जल में थोड़ा सा दूध मिला लें. लाल चुनरी अवश्य अर्पण करें. साथ ही, हर संध्या का दीपक तुलसी पेड़ के नीचे जरूर जलाएं. इससे माता लक्ष्मी बेहद प्रसन्न होती हैं. घर में सुख–समृद्धि का वास होता है.